# स्वच्छ सर्वेक्षण 2022

के तहत

# सिटीजन फीडबैक

को लेकर आहूत की गई समीक्षात्मक बैठक

**सभी वार्ड जमादार को प्रतिदिन 50 वोट कराने का निर्देश**

**नेकी की दीवार में उपयोग होने लायक ही कपड़े देने की अपील**

## नगर आयुक्त ने की स्वच्छता सर्वेक्षण को ले सिटीजन फीडबैक की समीक्षा

- प्रतिदिन कम से कम 50 वोट करना सुनिश्चित करें
- शहर में लगे सभी डस्टबिन की धुलाई व साफ सफाई करने का एमएसडब्ल्यूएम को दिया गया निर्देश
- नेकी की दीवार में उपयोग होने लायक ही कपड़ा रखें

देवघर/नगर संवाददाता।



बुधवार को देवघर नगर निगम के नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेंद्र कुमार लाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 को लेकर शुरू हो चुके सिटीजन फीडबैक की समीक्षा बैठक की। बैठक में वार्ड जमादार, कार्यालय कंप्यूटर ऑपरेटर एवं एमएसडब्ल्यू एमपी सुपरवाइजर से जानकारी लिया गया। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर के किसी भी क्षेत्र में सी एंड डी वेस्ट शहर में कहीं नहीं दिखे। किसी संस्था या घर के द्वारा सी एंड डी वेस्ट फेंके जाने पर जुर्माना करने का निर्देश दिया गया। स्वच्छता मोबाइल एप्प के माध्यम से सभी वार्ड जमादार को 50 वोट प्रतिदिन करने का निर्देश दिया गया। निगम के सभी कंप्यूटर ऑपरेटर को निर्देश दिया गया कि रोज 50- 50 वोट करना सुनिश्चित करें। ऑफिस में आ रहे हैं सभी लोगों से वोट कराने का निर्देश भी प्रशासक के द्वारा दिया गया। बर्तन बैंक एवं बुक बैंक वार्ड विकास केंद्र पर संचालित करने का भी निर्देश नगर प्रबंधक को दिया गया। एमएसडब्ल्यूएम के प्रबंधक अनूप राय को डोर टू डोर सभी वार्ड में सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया गया। शहर में लगे हुए सभी डस्टबिन का धुलाई एवं साफ-सफाई करने का भी निर्देश एमएसडब्ल्यूएम को दिया गया। नेकी की दीवार में उपयोग होने लायक ही कपड़ा रखें जो जरूरतमंद उपयोग कर सकें। ऐसा कपड़ा न रखें

---

**स्वच्छता सर्वेक्षण : नगर आयुक्त ने सिटीजन फीडबैक पर की समीक्षा**

## प्रतिदिन 50 वोट कराने का निर्देश, सुचारू रूप से डोर-टू-डोर कचरा का करें उठाव

आवाज संवाददाता। 9 मार्च

**वैद्यनाथधाम।** बुधवार को नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 को लेकर शुरू हो चुके सिटीजन फीडबैक की समीक्षा बैठक की।

- 7500 में 600 अंक सिटिजन फीडबैक के लिए
- डस्टबिन की धुलाई और साफ सफाई करने का एमएसडब्लूएम को निर्देश
- नेकी की दिवार मे पहनने लायक कपड़े देने की अपील



इस दौरान वार्ड जमादार, कार्यालय कंप्यूटर ऑपरेटर एवं एमएसडब्ल्यूएम के सुपरवाइजर से जानकारी लिया गया।

नगर आयुक्त ने स्वछता मोबाइल एप के माध्यम से सभी वार्ड जमादार को 50 वोट प्रतिदिन करने का निर्देश दिया। साथ ही निगम के सभी कंप्यूटर ऑपरेटर को निर्देश दिया गया कि रोज पचास वोट कराना सुनिश्चित करें। ऑफिस में आ रहे हैं सभी लोगों से वोट कराने का निर्देश भी प्रशासक के द्वारा दिया गया।शहर के किसी भी क्षेत्र में सी एंड डी वेस्ट शहर में कही नहीं दिखे। किसी संस्था या घर के द्वारा सी एंड डी वेस्ट फेके जाने पर जुर्माना करने का निर्देश दिया गया। बर्तन बैंक एवं बुक बैंक वार्ड विकास केंद्र पर संचालित कराने का भी निर्देश नगर प्रबंधक को दिया गया। एमएसडब्लूएम प्रबंधक अनूप राय को डोर टू डोर सभी वार्ड में सुचारू रूप से कचरा उठाव करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त एजेंसी को शहर में लगे हुए सभी डस्टबिन का धुलाई एवं साफ सफाई करने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान उन्होंने आमलोगों से नेकी की दिवार में पहनने लायक कपड़े ही देने की अपील शहरवासियों से की है। बैठक में नगर प्रबंधक सतीश कुमार, मृणाल कुमार, सीटी मिशन मैनेजर सुधांशु शेखर, वरीय सफाई निरीक्षक अजय कुमार, सफाई निरिक्षक श्याम सुंदर प्रसाद, कमवीर वर्मा, सभी वार्ड जमादार, एमएसडब्लूएम के मैनेजर अनूप राय एवं सभी सुपरवाइजर उपस्थित थे।

**सिंगल यूज प्लास्टिक पर आज से सघन जांच**

सिंगल यूज प्लास्टिक के पूर्ण रूपेण रोकथाम के लिए नगर आयुक्त शैलेंद्र लाल के निर्देश पर आज से शहर में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

---

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA